**SET – 2**

**Series : SSO/C**

कोड नं.
**Code No.** **59/2**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : **100***
*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **100***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **17 – 21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***1*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***2*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***4*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***5*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***6*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

1. 1962 के भारत-चीन संघर्ष का, भारत के साम्यवादी दल पर क्या प्रभाव पड़ा ? **1**

What was the impact of the Sino-Indian conflict of 1962 on the Communist Party of India ?

2. परमाणु शक्ति को सीमित अथवा समाप्त करने के लिए, महाशक्तियों ने पारस्परिक सहयोग करने का फैसला क्यों किया ? **1**

Why did the super powers decide to collaborate in limiting or eliminating nuclear power ?

3. भारत में केंद्रीय स्तर पर गठबंधन सरकार का युग कब प्रारम्भ हुआ और क्यों ? **1**

When did the era of coalition Governments start at the Centre in India and why ?

4. 'प्रथम खाड़ी युद्ध' को 'वीडियो गेम वार' क्यों कहा गया ? **1**

Why was the 'First Gulf War' called the 'Video Game War' ?

5. एक उदाहरण द्वारा यह दर्शाइए कि विश्व के एक भाग में होने वाली घटना का प्रभाव, विश्व के किसी अन्य भाग पर भी हो सकता है । **1**

Give an example to show that events taking place in one part of the world could have an impact on another part of the world.

6. रूस और भारत के सपनों पर आधारित बहुध्रुवीय विश्व से क्या अभिप्राय है ? **2**

What is meant by a multi-polar world order as visualized by India and Russia ?

7. भारत के चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रयोग कब और क्यों प्रारंभ किया ? **1 + 1 = 2**

When and why did the Election Commission of India start using, Electronic Voting Machines ?

8. भारतीय किसान यूनियन से सम्बद्ध किसान, भारत के अधिकांश अन्य किसानों से किस प्रकार भिन्न थे ? **2**

How did the farmers associated with Bharatiya Kisan Union differ from most other farmers in India ?

9. किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा यह दर्शाइए कि भारत द्वारा अपनायी गई संघात्मक व्यवस्था एक लचीली व्यवस्था है । **2 × 1 = 2**

Give any two examples to show that the federal system adopted by India is a flexible arrangement.

10. 'इंदिरा बनाम सिंडिकेट' मुद्दे को स्पष्ट कीजिए । **2**

Explain the issue 'Indira Vs. the Syndicate'.

11. एमनेस्टी इंटरनेशनल क्या है ? इसके मुख्य कार्य लिखिए । **1 + 3 = 4**

What is Amnesty International ? State its main functions.

12. 1971 से 1990 तक बांग्लादेश में सरकारें बनाने से सम्बंधित घटनाक्रम का वर्णन कीजिए । **4**

Describe the sequence of events related to the formation of governments in Bangladesh from 1971 to 1990.

13. वैश्वीकरण के प्रतिरोध को लेकर भारत के अनुभव क्या हैं ? स्पष्ट कीजिए । **4**

Explain India's experience in resisting Globalisation.

14. स्वतंत्रता से लेकर 1964 में हुए कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के विभाजन तक इसकी भूमिका की व्याख्या कीजिए । **4**

Explain the role played by the Communist Party of India (CPI) since independence to its split in 1964.


15. भारत में 1980 के पश्चात नियोजन के महत्त्व को कम करने के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारणों का परीक्षण कीजिए । **$4 \times 1 = 4$**

Examine any four reasons responsible for reducing significance of planning in India after 1980.

16. 1977 तथा 1980 के चुनावों के बीच भारत की दलगत राजनीति में नाटकीय बदलाव कैसे आए ? व्याख्या कीजिए । **4**

How did the Party System in India change dramatically between the elections of 1977 and 1980 ? Explain.

17.




भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा चिह्नित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इन राज्यों के सही नाम, संबंधित जानकारी की क्रम संख्या तथा चिह्नित अक्षर सहित लिखिए : **$5 \times 1 = 5$**

(i) वह राज्य जहाँ 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की घटना घटी ।

(ii) वह राज्य जिसकी स्थापना 1963 में हुई ।

(iii) वह राज्य जो स्वतंत्रता के समय असम राज्य का भाग नहीं था ।

(iv) जिस राज्य में लोकतंत्र के लिए आंदोलन का नेतृत्व काजी लैंदुप दोरजी ख़ांगसरपा ने किया ।

(v) वह राज्य जो 1987 से पूर्व, एक केंद्र प्रशासित क्षेत्र था ।

In the above given political outline map of India, five states have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them with the help of the information given below and write their correct names in your answer book with their respective serial numbers of information used and the alphabet concerned.

(i) The State where 'Operation Blue Star' took place.

(ii) The State which was created in 1963.

(iii) The state which was not a part of Assam at the time of independence.

(iv) The state where Democracy Movement was led by Kazi Lhendup Dorji Khangsarpa.

(v) The state which was a Union Territory before 1987 ?

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर है :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(17.1) चकमा शरणार्थियों को किस राज्य के लोगों की हिंसा तथा विद्वेष का सामना करना पड़ा ?

(17.2) राजीव गांधी ने पूर्वोत्तर के किस राज्य के विद्यार्थियों के संगठन के साथ समझौता किया था ?

(17.3) 1972 में किस राज्य की स्थापना हुई थी ?

(17.4) अंगामी जापू फ़िज़ो किस राज्य के स्वतंत्रता आंदोलन का नेता था ?

(17.5) लाल डेंगा किस राज्य का मुख्य मंत्री बना ? **$5 \times 1 = 5$**

**Note :** The following questions are for the **Visually impaired Candidates only** in lieu of Q. No. **17**.

Answer the following questions :

(17.1) The Chakma refugees had to face the hostilities of the people of which state ?

(17.2) Rajiv Gandhi signed an Accord with the students organization of which north-east state ?

(17.3) Which state was created in 1972 ?

(17.4) The freedom movement of which state was led by Angami Zapu Phizo ?

(17.5) Laldenga became the Chief Minister of which State ?

18. दूसरे विश्वयुद्ध की समाप्ति से ही शीतयुद्ध की शुरुआत हुई । अमरीका ने जापान के दो शहरों पर परमाणु बम गिराये और जापान को घुटने टेकने पड़े । इसके बाद दूसरे विश्वयुद्ध का अंत हुआ । परमाणु बम गिराने के अमरीकी फैसले के आलोचकों का तर्क है कि अमरीका इस बात को जानता था कि जापान आत्मसमर्पण करने वाला है । ऐसे में बम गिराना गैर-ज़रूरी था । इन आलोचकों का मानना है कि अमरीका की इस कार्रवाई का लक्ष्य सोवियत संघ को एशिया तथा अन्य जगहों पर सैन्य और राजनीतिक लाभ उठाने से रोकना था । वह सोवियत संघ के सामने यह भी जाहिर करना चाहता था कि अमरीका ही सबसे बड़ी ताकत है । अमरीका के समर्थकों का तर्क था कि युद्ध को जल्दी से जल्दी समाप्त करने तथा अमरीका और साथी राष्ट्रों की आगे की जनहानि को रोकने के लिए परमाणु बम गिराना ज़रूरी था । विश्वयुद्ध की समाप्ति के कारण कुछ भी हों, लेकिन इसका परिणाम यही हुआ कि वैश्विक राजनीति के मंच पर दो महाशक्तियों का उदय हो गया ।

ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) अमरीका द्वारा दोनों परमाणु बम कब और कहाँ गिराए गए थे ?

(ii) अमरीका के परमाणु बम गिराने के फैसले की आलोचना क्यों की गई ?

(iii) अमरीका के समर्थकों ने परमाणु बम गिराने को न्यायसंगत कैसे ठहराया ?

(iv) द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात कौन सी दो नई ताकतें उभर कर आईं ? **2 + 1 + 1 + 1 = 5**

The end of the Second World War was also the beginning of the Cold War. The World War ended when the United States dropped two atomic bombs on the Japanese cities of ……., causing Japan to surrender. Critics of the US decision to drop the bombs have argued that the US knew that Japan was about to surrender and that it was unnecessary to drop the bombs. They suggest that the US action was intended to stop the Soviet Union from making military and political gains in Asia and elsewhere and to show Moscow that the United States was supreme. US supporters have argued that the dropping of the atomic bombs was necessary to end the war quickly and to stop further loss of American and Allied lives. Whatever the motives, the war was the rise of two new powers on the global stage.

Study the above passage carefully and answer the following questions :


(i) When and where were the two atom bombs dropped by the United States ?

(ii) Why was the U.S. decision to drop atomic bombs criticized ?

(iii) How did the U.S. supporters justify the dropping of the atomic bombs ?

(iv) Which two new powers emerged as a result of the end of the Second World War ?

19.




ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) यह कार्टून किसको दर्शाता है ?

(ii) इराक पर आक्रमण से संबंधित ऑपरेशन को क्या कूट नाम (कोड) दिया गया था ?

(iii) संयुक्त राष्ट्र के नकारात्मक आदेश के बावजूद, लगभग कितने देशों ने संयुक्त राज्य अमरीका का साथ दिया ?

(iv) कार्टून में दिए गए झंडे को देखिए तथा उस देश का नाम बताइए जिसने गठबंधन सेनाओं का नेतृत्व किया ?

(v) इराकी हमले के पीछे दिखावटी उद्देश्य क्या था ? **5 × 1 = 5**

Study the above cartoon carefully and answer the following questions :

(i) Whom does the given cartoon represent ?

(ii) What code name was given to the operation related to the Iraq invasion ?

(iii) Roughly how many countries agreed to join hands with the U.S. inspite of the negative mandate by the U.N. ?

(iv) Look at the flag shown in the cartoon and name the country that led the coalition forces.

(v) What was the ostensible purpose of Iraq invasion ?

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है : **1 + 2 + 2 = 5**

(19.1) मार्च 2003 में इराक पर किस देश ने सैन्य आक्रमण किया ?

(19.2) आक्रमणकारी देशों का इराक पर आक्रमण करने के पीछे क्या उद्देश्य था ?

(19.3) इस युद्ध का क्या परिणाम निकला ?

**Note :** The following questions are for the **visually impaired candidates only**, in lieu of Q. No. **19**

(19.1) Which country invaded Iraq in March, 2003 ?

(19.2) What was the objective of the invading countries behind the attack on Iraq ?

(19.3) What was the outcome of this war ?

20. भारत ने 1974 के मई में प्रथम परमाणु विस्फोट किया । भारत शांतिपूर्ण उद्देश्यों में इस्तेमाल के लिए अणु ऊर्जा बनाना चाहता था । नेहरू परमाणु हथियारों के खिलाफ थे । उन्होंने महाशक्तियों पर व्यापक परमाणु निशस्त्रीकरण के लिए ज़ोर दिया । बहरहाल, परमाणु आयुधों में बढ़ोत्तरी होती रही । साम्यवादी शासन वाले चीन ने 1964 के अक्तूबर में परमाणु परीक्षण किया । अणुशक्ति-संपन्न बिरादरी यानी संयुक्त राज्य अमरीका, सोवियत संघ, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन (उस समय चीन का प्रतिनिधित्व ताइवान करता था) ने, जो संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य भी थे, दुनिया के अन्य देशों पर 1968 की परमाणु अप्रसार संधि को थोपना चाहा । भारत ने हमेशा से इस पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया । भारत ने जब अपना पहला परमाणु परीक्षण किया तो इसे उसने शांतिपूर्ण परीक्षण करार दिया । भारत का कहना था कि वह अणुशक्ति को सिर्फ शांतिपूर्ण उद्देश्यों में इस्तेमाल करने की अपनी नीति के प्रति दृढ़ संकल्प है ।

ऊपर दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) भारत ने मई 1974 में परमाणु विस्फोट क्यों किया ?

(ii) यह परमाणु विस्फोट, किस सीमा तक नेहरू जी की नीतियों के अनुरूप था ?

(iii) भारत ने अभी तक परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए ? **2 + 2 + 1 = 5**

The first nuclear explosion was undertaken by India in May 1974. India wanted to generate atomic energy for peaceful purposes. Nehru was against nuclear weapons. So, he pleaded with the superpowers for comprehensive nuclear disarmament. However, the nuclear arsenal kept rising. When Communist China conducted nuclear tests in October 1964, the five nuclear weapon powers, the US, USSR, UK, France and China (Taiwan then represented China) – also the five Permanent Members of the UN Security Council – tried to impose the Nuclear Non-proliferation Treaty (NPT) of 1968 on the rest of the world. India always refused to sign it. When India conducted its first nuclear test, it was termed as peaceful explosion. India argued that it was committed to the policy of using nuclear power only for peaceful purposes.

Study the passage given above carefully and answer the following questions :

(i) Why did India go for a nuclear explosion in May 1974 ?

(ii) How far was this nuclear explosion in conformity with Nehru's policies ?

(iii) Why has India not signed so far the Nuclear Non-proliferation Treaty ?

21. इस नियमाचार को स्वीकार करने वाले देश इस बात पर सहमत थे कि ऐतिहासिक रूप से भी और मौजूदा समय में भी ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन में सबसे ज्यादा हिस्सा विकसित देशों का है । यह बात भी मानी गई कि विकासशील देशों का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है । इस कारण चीन, भारत और अन्य विकासशील देशों को क्योटो-प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से अलग रखा गया है ।

ऊपर दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'क्योटो प्रोटोकॉल' से क्या अभिप्राय है ?

(ii) क्योटो प्रोटोकॉल पर कब तथा किस देश में सहमति बनी ?

(iii) क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से भारत तथा चीन जैसे देशों को क्यों अलग रखा गया ? **2 + 1 + 2 = 5**

The parties to the Convention agreed that the largest share of historical and current global emissions of greenhouse gases has originated in developed countries. It was also acknowledged that per capita emissions in developing countries are still relatively low. China, India and other developing countries were, therefore, exempted from the requirements of the Kyoto Protocol.

Study the above passage carefully and answer the following questions :

(i) What is meant by Kyoto Protocol ?

(ii) When and in which country was the Kyoto Protocol agreed to ?

(iii) Why were the countries like India and China exempted from the requirements of the Kyoto Protocol ?

22. दल-आधारित आंदोलन तथा राजनीतिक दलों से स्वतंत्र आंदोलन क्या होते हैं ? प्रत्येक के लिए उपयुक्त उदाहरण दीजिए । **3 + 3 = 6**

**अथवा**

कश्मीर में राजनीतिक संकट को और गंभीर बनाने में अलगाववादियों तथा बगावत के तेवर दिखाने वालों की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

What are party-based and non-party based movements ? Give suitable examples for each.

**OR**

Describe the role played by insurgency and separatism in aggravating the political crisis in Kashmir.

23. उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए जो 25 जून, 1975 को भारत में लगाए गए आपातकाल के लिए उत्तरदायी थीं । **6**

**अथवा**

1969 में विभाजन के पश्चात, कांग्रेस पार्टी की पुनर्स्थापना के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए । **6**

Explain the circumstances responsible for the declaration of a state of emergency in India on $25^{th}$ June, 1975.

**OR**

Explain the circumstances that led to the restoration of Congress Party after its split in 1969.

24. शीत युद्ध के पश्चात होने वाले किन्हीं ऐसे छ: परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए जिन्होंने बेहतर काम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में सुधार को लेकर अनेक प्रश्न पैदा किए हैं । **$6 \times 1 = 6$**

**अथवा**

पारंपरिक आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा की धारणा से क्या अभिप्राय है ? वर्णन कीजिए । **$3 + 3 = 6$**

State any six post – Cold War changes that have aroused many questions about reforming the United Nations to make it work better.

**OR**

What is meant by traditional notion of internal and external security ? Describe.

25. हैदराबाद और मणिपुर के भारत में विलय की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, किए गए प्रयासों का आकलन कीजिए । **$3 + 3 = 6$**

**अथवा**

भारत के पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व का मूल्यांकन कीजिए । उस समय की चुनाव प्रणाली की मुख्य कमियों का विश्लेषण कीजिए । **$3 + 3 = 6$**

Assess the efforts put in to formalize the accession of Hyderabad and Manipur to India.

**OR**

Evaluate the dominance of the Congress Party in the first three general elections in India. Analyse the main drawbacks in the election process adopted at that time.

26. भारत और संयुक्त राज्य अमरीका के बीच कैसे सम्बंध हों, भारत में इससे संबंधित विभिन्न दृष्टिकोणों का परीक्षण कीजिए । **6**

**अथवा**

भारत को बांग्लादेश तथा नेपाल के साथ मधुर संबंध बनाने में आने वाली किन्हीं तीन-तीन कठिनाइयों का आकलन कीजिए । **$2 \times 3 = 6$**

Examine the different views within India about the type of relationship India should have with the United States of America.

**OR**

Assess any three difficulties each in maintaining cordial relationship with Bangladesh and Nepal by India.

27. शीत युद्ध के दौरान, एशिया, अफ्रीका तथा यूरोप के छोटे देश, महाशक्तियों के मित्र देशों के रूप में उनके लिए कैसे सहायक थे ? व्याख्या कीजिए । **6**

**अथवा**

विश्व का दूसरे स्थान का सर्वाधिक शक्तिशाली देश किस प्रकार इतना कमज़ोर हो गया कि वह अचानक विघटित हो गया ? किन्हीं छ: कारकों को स्पष्ट कीजिए । **$6 \times 1 = 6$**

How were the smaller states of Asia, Africa and even Europe helpful for the super-powers as allies during the Cold War ? Explain.

**OR**

How did the second most powerful country in the world become so weak that suddenly it disintegrated ? Explain any six factors.

---